# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार चैत्र-नवरात्रि व रमजान माह, ईद-उल-फितर के दृष्टिगत अपने-अपने थानाक्षेत्रों में पोस्टर पार्टी निकालकर मन्दिर-मस्जिद एवं संवेदनशील स्थानों में चलाया गया चेकिंग अभियान।

डॉ. अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दिनांक 19/20.03.2026 की रात्रि में त्यौहार चैत्र-नवरात्रि व रमजान माह, ईद-उल-फितर के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा पोस्टर पार्टी निकालकर अपने-अपने थानाक्षेत्रों में स्थित मन्दिर-मस्जिद एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग की गयी। "त्यौहार चैत्र-नवरात्रि ,ईद-उल-फितर (ईद) तथा रमजान माह" के मद्देनजर पर्याप्त सतर्कता रखी जा रही है।

## प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 20.03.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मोहाना पुलिस व कस्टम की संयुक्त टीम द्वारा 4 लाख 50 हजार नेपाली रुपया के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे, विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में आज दिनांक 20.03.2026 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस व कस्टम की संयुक्त टीम द्वारा 4 लाख 50 हजार नेपाली रुपया, के साथ एक अभियुक्त को ककरहवा बाजार में फसादीपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया तथा बरामद रुपये को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

**1.सूरज मौर्या पुत्र केशराम मौर्या निवासी ग्राम दूल्हा दरमियांनि टोला रमजाननगर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तारी करने वाली टीम -**

**1.उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।**
**2.नि0 संजीव कुमार सीमा शुल्क ईकाई ककरहवा जनपद सिद्धार्थनगर।**
**3.मु0आ0 आत्मानन्द यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर।**
**4.का0 अनुराग तिवारी थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में थाना चिल्हिया में स्थापित महिला मिशन शक्ति केन्द्र/साइबर हेल्प डेस्क का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा नियुक्त अधिकारी /कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

आज दिनांक 20.03.2026 को श्री शिवशरणप्पा जीएन, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में थाना चिल्हिया में स्थापित महिला शक्ति केन्द्र/साइबर हेल्प डेस्क व अभिलेखों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों से बातचीत की और निर्देश दिए कि थाने पर आने वाली पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाए। मिशन शक्ति अभियान के तहत गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति निरंतर जागरूक किया जाए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया सहित थाना चिल्हिया मिशन शक्ति केन्द्र के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा त्यौहार ईद-उल-फितर व रमजान माह के आखिरी अलविदा जुमे की नमाज के दृष्टिगत थाना चिल्हिया क्षेत्रान्तर्गत कस्बा चिल्हिया मे स्थित मस्जिद का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

आज दिनांक 20.03.2026 को श्री शिवशरणप्पा जीएन, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा त्यौहार ईद-उल-फितर व रमजान माह के आखिरी अलविदा जुमे की नमाज के दृष्टिगत थाना चिल्हिया क्षेत्रान्तर्गत कस्बा चिल्हिया मे मस्जिद का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे नमाज के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा कानून-व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ बनी रहे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया सहित थाना चिल्हिया के अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत थाना लोटन मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम करमी की महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव, नये कानून तथा साइबर अपराध सुरक्षा एवं सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 20/03/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान तथा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0(II) के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत ग्राम करमी में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी से अवगत/जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन,112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन102 स्वास्थ्य सेवा,181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा के बारे में पम्पलेट वितरित कर जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.का0 अनिल यादव

2.का0 अजय कुमार

3.म0आ0 नेहा तिवारी

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम समय माता मंदिर भिरंडा की महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव, नये कानून तथा साइबर अपराध सुरक्षा एवं सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद  सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में  प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 20/03/2026 प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में समय माता मंदिर भिरंडा थाना शोहरतगढ़  में महिलाओ बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0(II) स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र, जहां पर अपनी समस्या को दर्ज  करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0(II) के तहत महिलाओं को  महिला सम्बन्धित अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर एवं  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर-

01.उ0नि0  राजकुमार यादव

02.हे0का0 अविनाश सिह

03.म0का0 शोभा भारती

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆**मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत** थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पति-पत्नी मे हुए पारिवारिक विवाद को सुलझाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दोनो विवाहित जोड़े को विदा किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर क्रम मे एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेद्वी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 20.03.2026 को आवेदिका श्रीमती पूनम पत्नी विकास ग्राम बजराभारी थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा शिकायत किया गया था कि आवेदिका श्रीमती पूनम व उनके पति विकास के बीच कुछ कहा-सुनी हुआ था जिससे पति पत्नी के मध्य मनमुटाव हो गया था। मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनो पक्षों (पति-पत्नी) को उनके आपसी रिश्तों व बच्चों के प्रति उनके दायित्वों व पारिवारिक कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया गया जिससे दोनो पक्ष (पति-पत्नी) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए। दोनो पति-पत्नी को सकुशल एक साथ राजी-खुशी घर भेज दिया गया। उक्त पुलिस कार्यवाही की आम जनमानस द्वारा सरहाना की गयी।

मिशन शक्ति केन्द्र टीम का विवरणः-

01. उ0नि0 श्री शुभकरन साहनी थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0कमलेश यादव थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

03.महिला आरक्षी करिश्मा, रितिका त्रिपाठी थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम समय माता बहादुर गंज की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव, नये कानून तथा साइबर अपराध सुरक्षा एवं सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर व प्रवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 20/03/2026 को थानाध्यक्ष रामदेव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में उ0नि0 दीनदयाल सिंह, हे0का0 विनोद कुमार व म0का0 चांदनी मिश्रा द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग किया गया एवं ग्राम समय माता बहादुर गंज में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। तथा महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में तथा हेल्पलाईन नं0 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी |

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में प्राथमिक विद्यालय पथरा विसुन पुरवा थाना पथरा बाजार की महिलाओं एवं बच्चियों को थाना पथरा बाजार पुलिस टीम द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर जागरूक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 20/03/2026 को थानाध्यक्ष अमित कुमार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय पथरा विसुन पुरवा में जाकर बच्चियों व महिलाओं को जागरूक किया गया। महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गई।**

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

**01.उ0नि0 मलखा प्रसाद कनौजिया**

**02.का0 सुदामा यादव**

**03.म0पी0आर0डी केतकी**

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत महिला मिशन केंद्र व जन चौपाल थाना ख़ेसरहा की टीम द्वारा ग्राम मरवटिया में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून ,साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ती दीदी (बहु-बेटी सम्मेलन) अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम मरवटिया में महिलाओं व बालिकाओं को महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) कार्यक्रम के अंतर्गत महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए तथा कस्बा बेलोहा मंदिर, मरवटिया मोड पर उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया व निम्न हेल्पलाइन नंबर- 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076- माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,108-एंबुलेंस सेवा,1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098-चाइल्ड हेल्पलाइन,102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

01.उ0नि0 श्री चंद्रिका प्रसाद मौर्य

02.आ0 अजीत कुमार

03.म0का0 अंजली यादव

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत थाना मिश्रौलिया की पुलिस टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय मिश्रालिया में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून ,साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत बालिकाओं को जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव थाना मिश्रौलिया के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0(II) के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मिश्रालिया में बालिकाओं को एकत्रित करके मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को स्वावलंबन निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन,1076- माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,108-एंबुलेंस सेवा,1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098-चाइल्ड हेल्पलाइन,102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर**

01.उ0नि0 गोरखनाथ

02. महिला कांस्टेबल अनुपम

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस टीम द्वारा रमजान माह, ईद-उल-फितर, चैत्र रामनवमी के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 20.03.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा रामनवमी, ईद-उल-फितर व रमजान माह के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त व चेकिंग किया जा रहा है। इस दौरान बाजारों, मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर आम जनता से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

# प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर महिला सशक्तिकरण जागरुकता रैली को किया गया रवाना।**

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आज दिनांक 20.03.2026 को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर से डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेज-05, द्वितीय चरण) का शुभारम्भ महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निकाली गयी बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। यह 30 दिवसीय विशेष अभियान पूरे जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, सशक्तिकरण एवं न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान मन्दिरों, धार्मिक स्थलों, नवरात्रि मेलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस बल की विशेष ड्यूटी रहेगी। एंटी-रोमियो स्क्वायड द्वारा भ्रमणशील रहकर सघन गश्त, शोहदों/छेड़छाड़ करने वालों के विरुद्ध मौके पर ही कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। संवेदनशील हॉटस्पॉट्स एवं महिलाओं के अत्यधिक आवागमन वाले स्थानों पर फुट पैट्रोलिंग, पीआरवी गश्त एवं सीसीटीवी से निगरानी की जायेगी। जनपद के थानो की मिशन शक्ति टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत गांवों/विद्यालय में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को पंपलेट वितरित करते हुए शासन द्वारा जारी हेल्पलाईन नंबरो से अवगत कराया जायेगा तथा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाये जायेंगे। महिला बीट पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा समस्त स्कूलों/कालेजों में जाकर महिलाओं से सम्बन्धित सरकारी कल्याणकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बर से सम्बन्धित पैम्पलेट वितरित करते हुए जागरुक किया जायेगा। महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्पीड़न से सम्बन्धित स्थापित वीमेन पावर लाइन 1090 तथा मिशन शक्ति केन्द्र का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक महिलायें एवं बालिकाओं को इस सुविधा का लाभ प्राप्त कराया जायेगा तथा AHTU थाना व अन्य विभागों के समन्वय से बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति व अन्य बाल अपराधों के सम्बन्ध में विशेषकर ग्रामीण एवं मलिन बस्तियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की जायेंगी। महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न प्रमुख कानूनों यथा घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, अनैतिक व्यापार निवारण, पॉक्सो ऐक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध, बालश्रम एवं भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं की गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराध आदि की जानकारी देकर जागरुक किया जायेगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना व प्रभारी एन्टीरोमियो टीम एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 20.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना इटवा साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा शिकायतकर्ता के खाते से अज्ञात खाते में गए धनराशि ₹3,00,000/- पीड़ित को वापस कराया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण में, प्रवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में, संजय कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा व साइबर सेल टीम थाना इटवा द्वारा श्रीमती करोडपति पत्नी श्री सत्यप्रकाश द्विवेदी साकिन सैनी पोस्ट व थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के साथ साइबर फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए श्रीमती करोडपति के खाते में ₹3,00,000/- रूपये वापस कराये गए।

धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम का विवरण-

01-श्री संजय कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

02-उ0नि0 नागेन्द्र सिंह, साइबर सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

03-क0आ0 विपुल कुमार राय साइबर सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

04-महिला आरक्षी श्रीयंका सिंह, मंजू साइबर सेल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

साइबर क्राइम से कैसे बचे------

01.साइबर अपराधी आपकी निजी जानकारी इक्ट्ठा करते है और इसका उपयोग इंटरनेट पर आपकी झूठी पहचान बनाने में उपयोग कर सकते है। किसी भी सार्वजनिक साइट, ब्लॉग या सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी कभी भी साझा/शेयर न करें। जैसे कि आपकी सरकारी आईडी, पासवर्ड, बैंक खाता नम्बर, पिन इत्यादी।

02.ईमेल, मैसेजिंग ऐप या इन्सटैंट मैसेंजर पर प्राप्त लिंक्स पर क्लिक करने से पहले सावधान रहें और यदि आप उनकी सत्यता पर विश्वास नही करते, तो हमेशा भेजने वाले या उनकी आधिकारिक हेल्पलाइन से संपर्क करें। जैसे कि बैंक, दूरसंचार ऑपरेटर, बीमा कंपनी आदि।

03.अपने पासवर्ड को जटिल रखें (अर्थात अक्षरों–जैसे a, b, c, संख्याओं। जैसे 1, 2, 3 और विशेष अक्षरों–जैसे @, #, % को मिलाकर पासवर्ड बनाये) और उसे किसी के साथ साझा न करें। विभिन्न साइटों/ऐप्स के लिए अलग-अलग पासवर्ड का प्रयोग करें।

04.वेब पेज पर अपनी जानकारी दर्ज करने से पहले, वेबसाइट के लिंक की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि वेब पता https (“s” से सुरक्षित) से शुरु होता है और एक बन्द ताले के निशान को भी देखें।

**05.ऑनलाइन बैंकिंग या ऑनाइन लेनदेन करने के लिए कभी भी सार्वजनिक/ मुफ्त वाईफाई का उपयोग न करें।**

**06.साइबर अपराध होने पर सूचना तत्काल हेल्प लाईन नं0 1930 पर व पुलिस दें। 24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है।**

**07.सिम ब्लाक/एक्सपायर का संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वार्तालाप न करें।**

**08.फोन पर कैश रिवार्ड को अपने खाता में लेने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति के बताये हुये नियमों का पालन न करें।**

**09.ओएलएक्स पर कोई भी वाहन/सामान खरीदने वाले व्यक्ति को बेंचने वाले व्यक्ति द्वारा यदि अपना कोई सरकारी आई-कार्ड/कैंटीन कार्ड डाला गया है तो उसे चेक कराने के बाद ही लेन-देन करें।**